तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के पहिए के नीचे आ गया था लोहे का एंगल, यात्रियों की अटक गई थी सांसें



## खबर संक्षेप

### सतनामी कल्याण समिति की बैठक कल


**कोरबा।** सतनामी कल्याण समिति कोरबा की बैठक 11 अक्टूबर को सतनाम प्रांगण कोरबा में समय 4 बजे को आयोजित की गई है। जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों की शपथ ग्रहण समारोह का तिथि एवं मुख्य अतिथि का आमंत्रित हेतु चयन किया जाएगा। उक्त बैठक में समाज के सम्माननीय संरक्षक सदस्य आजीवन सदस्य साधारण सदस्य राज महंत जिला महंत एवं समाज के सर्वांगीण विकास के प्रति सदैव समर्पित भाइयों एवं बहनों से आग्रह किया है।

### छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ की बैठक 12 को


**कोरबा।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ, रायपुर के आह्वान पर प्रदेशभर के लगभग 13 हजार सहकारी समिति कर्मचारियों से जुड़े संगठन की प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक 12 अक्टूबर को रायपुर में आयोजित की जा रही है। यह बैठक राज्य की 2058 सहकारी समितियों एवं 2739 धान उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर बुलाई गई है, जिसमें विशेषकर आगामी धान खरीदी वर्ष 2025-26 में सुखत राहत (धान-सुखत) के प्रावधान व लंबित तीन सूत्रीय मांगों पर निर्णय लिया जाएगा। सहकारी समिति कर्मचारी संघ कोरबा के जिलाध्यक्ष विनोद भट्ट ने बताया कि वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के धान उपार्जन में सुखत के कारण आई आर्थिक क्षति की भरपाई अब तक शासन द्वारा नहीं की गई है, जबकि पूर्व में चलाए गए आंदोलन के पश्चात शासन द्वारा लिखित आश्वासन भी जारी किया गया था। परंतु आज तक इस पर कोई अमल नहीं हुआ।

### भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा के लिए 25 लाख

# समाज के लोगों के आगे बढ़ने शिक्षा ही एकमात्र रास्ता:विष्णुदेव



कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व अन्य।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद क्षेत्र की जनता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किसी भी समाज के लोगों का आगे बढ़ने का शिक्षा ही एकमात्र रास्ता है। मैं चाहता हूं कि सभी समाज के लोग शिक्षा को अपनाएं और विकास की राह में आगे बढ़ें और छत्तीसगढ़ सहित देश का मान बढ़ाएं। स्कूल शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने का काम सरकार कर रही है। छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जनजाति के लोग भी कलेक्टर-एसपी, डॉक्टर-इंजीनियर बनें यही हमारी मंशा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में मोदी की गारंटी को पूरा करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। आने वाले दिनों में हमारा राज्य विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में स्थापित होगा।

**खास बातें**

- सातगढ़ कंवर समाज के सम्मेलन और वीर शहीद सीताराम कँवर की पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री
- समाज के लिए भवन हेतु एक करोड़ रुपए प्रतिमा के लिए 10 लाख देने की घोषणा
- कटघोरा में हाईटेक बस स्टैंड का होगा निर्माण

उक्त बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कटघोरा में सातगढ़ कंवर समाज के सामाजिक सम्मेलन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर शहीद सीताराम कँवर के पुण्य तिथि समारोह के दौरान कही। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय कटघोरा के रामपुर चौक में शहीद सीताराम कंवर के प्रतिमा अनावरण तथा ग्राम कसनिया मोड़ में भगवान सहस्त्रबाहु के नाम पर चौक का नामकरण, मूर्ति स्थापना के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कटघोरा में हाईटेक बस स्टैंड और कंवर समाज के लिए भवन के लिए एक करोड़, भगवान सहस्त्रबाहु के मूर्ति, प्रवेश द्वार निर्माण के लिए 25 लाख, शहीद सीताराम कंवर के प्रतिमा के लिए 10 लाख की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कंवर समाज एवं कल्चुरी समाज के लोगों को मूर्ति अनावरण, मूर्ति स्थापना, भूमि पूजन सहित अन्य विकास कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी। कंवर समाज के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने वीर शहीद सीताराम कंवर को समाज का गौरव बताते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में समाज के अनेक लोगों ने अपना बलिदान दिया है। मुझे खुशी है कि आज मैंने शहीद सीताराम कंवर के प्रतिमा का अनावरण किया है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास व उत्थान के लिए शिक्षा आवश्यक है। श्री साय ने समाज के लोगों से अपने सभी बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया और युवाओं को नशा से दूर रहने तथा सड़क में यातायात नियमों का पालन करते हुए हेलमेट पहनने तथा जागरूक बनकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाने कहा। उन्होंने बताया कि राज्य में उच्च शिक्षण संस्थान की बेहतर व्यवस्था है। वर्तमान में राज्य में मेडिकल कॉलेज, एम्स, आईआईआईटी, विश्वविद्यालय, लॉ कॉलेज संचालित हैं। यहां के विद्यार्थी चाहें तो राज्य में रहकर भी उच्च शिक्षा हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने वीर शहीद सीताराम कँवर के योगदान को महान बताया। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए हाइटेक बस स्टैंड के मांग भी रखी। कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली तानाखार तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कटघोरा नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह, समाजसेवी अशोक चावलानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कंवर समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# ट्रांसफार्मर में फेंका तार, ट्रांसफार्मर ब्रस्ट, दो के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत वितरण विभाग में पदस्थ कनिष्ठ यंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह कंवर ने बालको थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम बेलाकछार के कबीर शिशु मंदिर के समीप स्थापित 63 के.व्ही.ए का ट्रांसफार्मर जल गया, जिसके संबंध में पता चला है कि ग्राम बेलाकछार निवासी बाबुलाल, छतराम देवांगन एवं दिलीप पटेल के द्वारा बेलाकछार श्मशान घाट के पास से गुजरे 11 के.व्ही. लाईन दोंदरो फीडर में जानबूझकर तार फेंक कर शॉट सर्किट किया गया जिसकी वजह से उक्त ट्रांसफार्मर जल गया जिसके कारण विद्युत वितरण विभाग को लगभग 1 लाख 27 हजार रुपए की क्षति हुई है तथा ट्रांसफार्मर जल जाने से विद्युत प्रवाह बंद होने पर इस क्षेत्र की पूरी जनता को काफी असुविधा के साथ-साथ कष्ट उठाना पड़ा है। बाबूलाल यादव के घर के पास 100 के.व्ही. का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जिसमें मात्र 25 घर उपयोग करते हैं जिसमें विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा ट्रांसफार्मर के क्षमता के अनुसार लगभग 25 और घर को उसमें जोड़ा गया था, जिसको बाबूलाल यादव, दिलीप पटेल व छतराम देवांगन के द्वारा काट दिया गया है, जिससे 25 घर पूरा अंधेरे में डूबा हुआ है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# खदान में रात को अंधेरे में काम करने को मजबूर ठेकाकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल की कोयला खदानों में कोल माइंस रेगुलेशन (सीएमआर) के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। खदान परिसर में खास कर अपर कुसमुंडा और लोअर कुसमुंडा फेस में पर्याप्त लाइटिंग व्यवस्था नहीं होने से रात में मजदूरों और कर्मचारियों को अंधेरे में काम करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इससे न सिर्फ दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है, बल्कि सुरक्षा मानकों पर भी बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

ठेका मजदूरों ने बताया कि रात के समय कई प्वाइंट्स पर लाइट नहीं है और बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी प्रबंधन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। जहां कोयला लोडिंग चल रही होती है, वहां पर लाइटिंग बिल्कुल नहीं है। अंधेरे में ट्रक और मशीन चलाना जान जोखिम में डालने जैसा है। जानकारों का कहना है कि कोल माइंस रेगुलेशन 2017 के तहत रात के समय ⏭ शेष पेज 2 पर



## खबर संक्षेप

### बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत-नगरीय निकाय घोषित किये जाने हेतु दावा-आपत्ति आमंत्रित

**कोरबा।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार ऐसी ग्राम पंचायतों/नगरीय निकायों में जंहा विगत दो वर्षो में बाल विवाह का प्रकरण ना हुआ हो, उन्हे बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं बाल विवाह मुक्त नगरीय निकाय घोषित किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में समस्त 410 ग्राम पंचायतों एवं 06 नगरीय निकायों से नियमानुसार विगत दो वर्षो में बाल विवाह के प्रकरण प्राप्त नही हुये हैं। अतः इन्हे बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय घोषित किया जाकर प्रमाण पत्र जारी करना है। इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/संस्थान को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या कोई बाल विवाह का प्रकरण संज्ञान में हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस की समय सीमा में कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से 5.30 बजे तक लिखित में सुसंगत दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।

### कोसा, टसर, व मलबरी रेशम उत्पादन बनीं ग्रामीण बदलाव की धुरी

**कोरबा।** राज्य के गठन के 25 वर्षों ने जहां राज्य के हर क्षेत्र को प्रगति की नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया, वहीं रेशम विभाग ने भी निरंतर विकास की रेशमी राह पर चलते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त किया है। टसर और मलबरी रेशम उत्पादन के क्षेत्र में प्रगति के साथ-साथ हितग्राहियों एवं श्रमिकों के जीवन में भी सकारात्मक परिवर्तन लाया गया है। रेशम विभाग के सतत प्रयासों से छत्तीसगढ़ टसर उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर आ गया है। जिले के सभी पांच विकासखंडों के 49 पालित टसर केन्द्रों में टसर उत्पादन की गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। वर्ष 2000 में 1030 हेक्टेयर में टसर उत्पादन होता था, जो वर्ष 2025 तक बढ़कर 1199 हेक्टेयर हो गया है। टसर ककून उत्पादन में 2000 में 67.1 करोड़ नग से बढ़कर 2024-25 में 108.56 करोड़ नग व वर्ष 2025-26 में अब तक 49.30 करोड़ नग टसर का उत्पादन हुआ है। रेशम योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई है। वर्ष 2000 में 1756 हितग्राही लाभान्वित हुए थे। वर्ष 2024-25 तक यह संख्या बढ़कर 2759 तक पहुँच गई, जो ग्रामीण सहभागिता एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। मलबरी (शहतूत) रेशम उत्पादन में भी विभाग ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कृषकों को सीधे लाभान्वित किया है।

## निधन

### बुधवारा बाई पटेल



**कोरबा।** नगर पंचायत पाली के वार्ड क्रमांक 15 टावर मोहल्ला निवासी बूंदराम पटेल की माता और पार्षद समीन पटेल की दादी श्रीमती बुधवारा बाई पटेल उम्र लगभग 90 वर्ष का आकस्मिक देहावसान हो गया है। इनका अंतिम संस्कार 9 अक्टूबर को पाली मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर स्वजातिय बंधु सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### समाज के लोगों...

कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में समाज के अनेक लोगों ने अपना बलिदान दी है। मुझे खुशी है कि आज मैंने शहीद सीताराम कंवर के प्रतिमा का अनावरण किया है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास व उत्थान के लिए शिक्षा आवश्यक है। इसलिए श्री साय ने समाज के लोगों से अपने सभी बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया और युवाओं को नशा से दूर रहने तथा सड़क में यातायात नियमों का पालन करते हुए हेलमेट पहनने तथा जागरूक बनकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाने कहा। उन्होंने बताया कि राज्य में उच्च शिक्षण संस्थान की बेहतर व्यवस्था है। वर्तमान में राज्य में मेडिकल कॉलेज, एम्स, आईआईआईटी, विश्वविद्यालय, लॉ कॉलेज संचालित है। यहां के विद्यार्थी चाहे तो राज्य में रहकर भी उच्च शिक्षा हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में वीर शहीद सीताराम कँवर के योगदान को महान बताया। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए हाइटेक बस स्टैंड के मांग भी रखी। कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली तानाखार तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कटघोरा नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला, कलेक्टर अजीत वसंत, वरिष्ठ समाजसेवी अशोक चावलानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कंवर समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### दीपका खदान में...

खदान क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था अनिवार्य है। लेकिन दीपका खदान में यह नियम कागजों तक सीमित दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों और ठेका मजदूर संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही लाइटिंग व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## निगम आयुक्त ने दर्री जोन व प्रधानमंत्री आवासगृह परिसर लाटा का किया निरीक्षण

# बस टर्मिनल व सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यों में लाएं तेजीः आशुतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सरदार पटेलनगर जमनीपाली दर्री में निर्माणाधीन बस टर्मिनल व प्रगतिनगर में निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यो में अपेक्षित तेजी लाएं तथा कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित रखते हुए समयसीमा में कार्यों को पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लाटा में निगम द्वारा निर्मित एएचपी घटक के आवासगृहों में पानी, बिजली, सड़क नाली सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराते हुए इन आवासगृहों में आबंटिती हितग्राहियों की शिफ्टिंग कराएं।





अधिकारियों को निर्देश देते निगम आयुक्त।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने गुरूवार को अपने नियमित प्रातः भ्रमण के दौरान नगर निगम के दर्री जोनांतर्गत निगम द्वारा कराए जा रहे विभिन्न बड़े व छोटे विकास व निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षक करते हुए कार्यों की कार्यप्रगति का जायजा लिया। निगम द्वारा प्रगतिनगर दर्री में 99 करोड़ 40 लाख रूपये की समग्र लागत से 33 एमएलडी क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराया जा रहा है। इस प्लांट के माध्यम से कोरबा के सभी बड़े नालों से उत्सर्जित दूषित जल को उपचारित किया जाएगा तथा इस जल को एनटीपीसी को उपलब्ध कराया जाएगा। इससे शहर में प्रतिदिन लाखों लीटर उत्सर्जित दूषित जल के समुचित प्रबंधन का मार्ग प्रशस्त होगा तथा कोरबा की जीवनदायनी हसदेव नदी को प्रदूषित होने से भी रोका जा सकेगा। इस दौरान निगम आयुक्त श्री पाण्डेय प्रगतिनगर पहुंचे तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से जुडे. कार्यों व कार्य स्थल का सघन रूप से निरीक्षण किया, उसकी कार्यप्रगति को देखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों में अपेक्षित तेजी लाएं तथा निर्धारित समयसीमा में कार्य को पूरा कराएं। इसी प्रकार नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सरदार पटेलनगर जमनीपाली स्थित प्रतीक्षा बस स्टैण्ड परिसर में 5 करोड़ 70 लाख रूपये की लागत से बस टर्मिनल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने टर्मिनल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कार्य प्रगति का जायजा लिया एवं कार्यों में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

#### पीएमएवाई आवासगृह परिसर का किया निरीक्षण

नगर निगम द्वारा दर्री जोनांतर्गत लाटा बस्ती के समीप प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक अंतर्गत 132 आवासगृहों का निर्माण कराया गया है। निगम आयुक्त ने उक्त आवासगृहों एवं वहां पर निगम द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली विविध मूलभूत सुविधाओं से जुड़े प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया।

## लखनी साहू को राष्ट्रपति के हाथों सम्मान प्राप्त करने पर पूर्व मंत्री ने किया सम्मानित



लखनी साहू को सम्मानित करते पूर्वमंत्री व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय इंजीनियरिंग विश्वेश्वरैया स्नाकोत्तर महाविद्यालय की पूर्व छात्रा और सक्रिय एनएसएस स्वयं सेविका लखनी साहू को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सम्मानित होने पर साहू समाज में हर्ष व्याप्त है। साहू संघ कोरबा ईकाई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पालूराम साहू के नेतृत्व में साहू समाज के सदस्यगण, युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ लखनी साहू अपने परिजनों के साथ पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से मिली। जयसिंह अग्रवाल ने लखनी साहू को पुष्पगुच्छ भेंटकर एवं मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि लखनी साहू का यह उपलब्धि कोरबा के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राज्य का गौरव है। आपका यह उपलब्धि समाज सेवा के क्षेत्र में युवाओं के लिए प्रेरणा देगा। इस मौके पर प्रदेश सह प्रभारी जरिता लैतफ्लांग, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, कृपाराम साहू, जिला अध्यक्ष नत्थूलाल यादव, मनोज चौहान, हरीश परसाई, बी एन सिंह, राकेश पंकज, कमलेश गर्ग, विवेक श्रीवास, पवन विश्वकर्मा, लखनी साहू के पिता चक्रधर प्रसाद साहू, माता जलबाई साहू, बड़ी मां नेमलता साहू, भाई गोपाल साहू, बहन धनीषा साहू, सनोज साहू, चाचा भुपेन्द्र साहू आदि उपस्थित थे।

## मनरेगा भुगतान में गड़बड़ी, ग्रामीणों ने सीईओ से की शिकायत





शिकायतकर्ता ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत धतूरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मनरेगा भुगतान में अनियमितता का मामला सामने आया है। गुरुवार को हितग्राहियों ने पाली जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी भूपेंद्र सोनवानी को मनरेगा के तहत फर्जी हाजरी भरकर राशि की गमन किया जाना एवं जो हितग्राही सही में काम किया है उनको मजदूरी भुगतान नहीं किया गया है। जिसके लिए दर-दर भटक रहा है जिसकी जानकारी जनपद पंचायत सीईओ को दिया गया और अपनी मजदूरी भुगतान की मांग के साथ मेंट को हटाने की मांग की है। इस संबंध में ग्राम धतुरा मेट अमरनाथ कौशिक एवं वार्ड क्रमांक 6 के पंच अमरनाथ कौशिक के विरुद्ध ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता शंकर लाल जांगड़े, काशीराम कौशिक, मनोज श्रीवास, कृष्णानंद कौशिक, सुदेश कुमार खूंटे, ध्रुव लाल राठौर, फूलबाई राठौर एवं चैतराम केंवट, कला बाई केंवट का कहना है कि रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत मेट द्वारा फर्जी हाजरी भरकर मजदूरी राशि अन्य लोगों के खाते में डालकर उठाई गई, जिनकी जानकारी लाभार्थियों को नहीं दी गई और यह स्थिति लगभग 2 से 3 महीना बनी हुई है। ग्रामीणों ने इस गड़बड़ी कि तत्काल जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की और साथ ही इसकी जानकारी जिला पंचायत सीईओ एवं ग्राम सचिव को भी दी गई है।

#### जांच कर होगी कार्यवाही

ग्राम पंचायत धतूरा से मनरेगा के तहत काम किया लोगों ने अपनी मजदूरी भुगतान एवं फर्जी हाजिरी भर कर दूसरे के खाते में राशि गबन करने के संबंध में एवं मेट को हटाने की मांग किया गया है जो कि ग्राम पंचायत सरपंच सचिव एवं मेट को शुक्रवार के दिन बुलाया गया है। जांच कर दोषियों पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

**-भूपेंद्र सोनवानी,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली

## साइबर सुरक्षा पर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना चैतमा डॉ मनोज सिन्हा समन्वयक, प्रो वाय के तिवारी जिला संगठक, प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम के निर्देश पर वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में सहयोगी शिक्षक व्याख्याता सुरेन्द्र सिंह नेटी, मुरारी लाल धीवर, चंद्रमुखी साहू, दिलीप सिंह तंवर के सहयोग से सायबर सुरक्षा जनजागरूकता अभियान चलाया। वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आज का युग डिजिटल युग है। हमारे जीवन का हर क्षेत्र शिक्षा, व्यापार, बैंकिंग, संचार इंटरनेट से जुड़ चुका है। इस डिजिटल सुविधा के साथ एक बड़ी चुनौती भी सामने आई है, जिसे हम साइबर सुरक्षा कहते हैं। साइबर सुरक्षा का अर्थ है इंटरनेट पर मौजूद हमारे डेटा, जानकारी और सिस्टम को हैकिंग, वायरस या धोखाधड़ी से सुरक्षित रखना। साइबर अपराधों के माध्यम से हैकर्स लोगों की निजी जानकारी, बैंक खातों, पासवर्ड और दस्तावेजों को चुरा लेते हैं। कई बार फर्जी वेबसाइट, ईमेल या लिंक के माध्यम से धोखाधड़ी की जाती है इसीलिए साइबर सुरक्षा आवश्यक है ताकि हमारी व्यक्तिगत और सरकारी सूचनाएँ सुरक्षित रहें। भारत सरकार ने इस दिशा में कई कदम उठाए हैं, राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति आम नागरिकों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान। हम सभी को भी कुछ सावधानियाँ बरतनी चाहिए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना, अजनबी लिंक या ईमेल पर क्लिक न करना, सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा न करना और नियमित रूप से अपने डिवाइस को अपडेट रखना। साइबर सुरक्षा केवल सरकार या तकनीकी विशेषज्ञों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर इंटरनेट उपयोगकर्ता की है। जब हम सभी डिजिटल सतर्कता अपनाएँगे, तभी डिजिटल इंडिया का सपना सुरक्षित और सफल बनेगा। स्वंय सेवक मनोरमा, दीपांजलि, दीपा, सुष्मिता, नीतीश, रोहित, पंकज, नीरज, विजय, ज्योति इत्यादि स्वंय सेवकों ने सहभागिता निभाई।



## त्रिपक्षीय वार्ता को ग्रामवासियों ने निरस्त करने तहसीलदार को सौंपा पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल अधिग्रहित ग्राम हरदीबाजार की त्रिपक्षीय वार्ता एक बार फिर टलता दिख रहा है। बुधवार को एसडीएम पाली से हरदीबाजार सरपंच को लिखित वाट्सअप के माध्यम से पत्र मिला कि अपर कलेक्टर, जिला कोरबा, छत्तीसगढ के अध्यक्षता में एसईसीएल दीपका एवं हरदीबाजार ग्रामवासियों के बीच हरदीबाजार तहसील में 10 अक्टूबर दोपहर 12 बजे होने वाली त्रिपक्षीय वार्ता को ग्रामवासियों ने निरस्त करने के लिए तहसीलदार हरदीबाजार विष्णु प्रसाद पैंकरा को सरपंच सहित ग्रामवासियों ने हस्ताक्षरयुक्त पत्र सौंपा। एसडीएम पाली की ओर से अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में 8 अक्टूबर को बैठक के लिए जनसामान्य को सूचित किया गया है। हरदीबाजार स्थित जमीन पर बनी परिसंपत्तियों व मकान नापी सर्वे किया जाना है। जिसके परिपेक्ष्य में त्रिपक्षीय वार्ता तहसील कार्यालय हरदीबाजार में होने की सूचना ग्राम पंचायत सरपंच को दिया गया था। ग्राम पंचायत हरदीबाजार सरपंच एवं ग्रामवासियों ने इस वार्ता को निरस्त करने के लिए पत्र सौंपा है। ग्रामवासियों का कहना है एसईसीएल दीपका प्रबंधन को पूर्व में दी गई ग्राम हितों की मांगों को पूरा करने के पश्चात ही किसी प्रकार की बैठक या वार्ता में शामिल होना संभव होगा। अब देखना है कि क्या एसईसीएल दीपका प्रबंधन ग्रामवासियों की मांगों को पूरा करता है या जिला प्रशासन का साथ लेकर बलपूर्वक जबरदस्ती मकानों का नापी सर्वे करता है या ग्रामवासियों की जायज हक की मांगों को पूरा करता है।

## नुनेरा में शिक्षा गुणवत्ता के सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन



**पाली।** नुनेरा हायर सेकेंडरी स्कूल नुनेरा में छत्तीसगढ़ शासन के महत्वपूर्ण पहल में से एक है मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण पूर्व निर्धारित समिति एवं निरीक्षणकर्ता के रूप में लहरें एवं शिक्षक शिक्षिका शासन द्वारा जारी प्रपत्र जिसमें स्कूल की भौतिक स्थिति, शौचालय, पानी की व्यवस्था, कक्षा के आधार पर बच्चों की शिक्षण स्थिति, अभिव्यक्ति कौशल, शिक्षकों की व्यवहार, बच्चों की उपस्थिति, एवं शिक्षकों का शाला समय में आगमन एवं प्रस्थान, शाला की स्वच्छता आदि 20 बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक उपस्थित पालक, जन समुदाय एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा गया और प्रत्येक बिंदुओं पर प्रश्न के समीक्षा करने के पश्चात सबके सामूहिक सहमति से वास्तविक स्थिति पर चिन्हाकित किया गया साथ ही शासन का उद्देश्य को पालक बालक, शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि मिलकर एक ऐसी ठोस कार्य योजना बनाएं जिससे प्रत्येक बच्चा पढ़ना लिखना जोड़ घटाव गुणा भाग को अपने दैनिक जीवन में उपयोग कर सके और मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान आने वाले चरण में स्पष्ट रूप से इसका प्रतिफल सामूहिक उत्तरदायित्व से सफल होना सुनिश्चित है। ग्राम पंचायत के पदाधिकारीगढ़ सांसद प्रतिनिधि (पंच) मोहम्मद कादीर हुसैन, अब्दुल गनी, सीडीसी अध्यक्ष दाऊ राम साहू, हीरा शंकर तिवारी एवं बड़ी संख्या में सभी ने भी भागीदारी निभाई।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742




Gym & Fitness Zone
Rooftop Café
Infinity Pool
Banquet Hall
Luxury Rooms
Multi-Cuisine
Restaurant
24 Luxury Rooms
Valet Parking
Premium Interiors
STAYORRA
A BOUTIQUE HOTEL FOR THE ONE WITH TASTE
OPNING
20th OCTOBER
Stadium Road
T.P. Nagar Korba


SAPNA CHOUDHARY
GROUP MUSICAL EVENT
एक धमाकेदार
सांस्कृतिक शाम...
आपके नाम...
12 अक्टूबर 2025
शाम 7:30 से
जश्न रिसॉर्ट कोरबा
माननीय अतिथिगण
मान. लखन लाल देवांगन
कैबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
वाणिज्य एवं उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर (आबकारी) श्रम मंत्री
श्रीमती संजू देवी राजपूत
महापौर, नगर पालिक निगम कोरबा
श्री विकास महतो
पूर्व मंत्री भारतीय जनता पार्टी (छ.ग.)
श्री पवन अग्रवाल
वरिष्ठ भाजपा नेता
श्री केदारनाथ अग्रवाल
वरिष्ठ समाजसेवी
श्री दिनेश मोदी
डायरेक्टर पाम माल कोरबा
PASSES AVAILABLE
7415577556, 83198 99989
लक्ष्मी मोबाईल सागर टी.पी. नगर 8770421119
राजू स्पोर्ट्स पुराना बस स्टैण्ड 9522488888
शिवा मोबाईल घंटाघर गोलू 9827183303
बाल्को फैशन एण्ड फैशन विकास डालमीया 9977343344
दर्री फ्रेण्ड्स मोबाईल भागी 8889683849
दीपका अनुप यादव 9393261811
कुसमुण्डा रितेश सिंह 8858281691
उरगा दिनेश अग्रवाल 9826179273
बरपाली अजय कलेक्शन 9669767689
चांपा आकाश यादव 9109076716
शक्ति अग्रवाल एजेंसी 9827400020
अकलतरा अनुकुल लिखमानीया 9302838504
पाली साँई मोबाईल 9981802222
कटघोरा लक्ष्मी गर्ग 7000020784
आयोजक
विकास सिंह ठाकुर (विक्की) एण्ड ग्रुप
मो. 9827952333, 7415577556, 8319899989

## खबर संक्षेप

### किसान सम्मेलन 12 को पड़निया में

**कोरबा।** कटघोरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पाली पड़निया में 12 अक्टूबर को एक दिवसीय जिला स्तरीय किसान महासम्मेलन व विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जिसमें आयोजक समिति के अध्यक्ष दिलहरन लाल सारथी ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 अक्टूबर किसान सम्मेलन आयोजन किया गया है।

### प्राथमिक शाला ओढ़ालीडीह में सामाजिक अंकेक्षण



**हरदीबाजार।** प्राथमिक शाला ओढ़ालीडीह में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण संपन्न हुआ। शासन द्वारा जारी प्रपत्र के तहत स्कूल की भौतिक स्थिति, मध्यान भोजन, शौचालय, पानी की व्यवस्था, कक्षा के आधार पर बच्चों की शिक्षण स्थिति, अभिव्यक्ति कौशल, शिक्षकों की व्यवहार, बच्चों की उपस्थिति व शिक्षकों का शाला समय में आगमन व प्रस्थान, शाला की स्वच्छता आदि 20 बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक उपस्थित पालक, जनसमुदाय और जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा गया। प्रत्येक बिंदुओं पर प्रश्न की समीक्षा कर सामुहिक सहमति से वास्तविक स्थिति पर चिन्हांकित किया गया। साथ ही शासन का उद्देश्य को पालक बालक, शिक्षक व जनप्रतिनिधि मिलकर ठोस कार्य योजना बनाई। जिससे प्रत्येक बच्चा पढ़ना लिखना, जोड़ घटाव, गुणा भाग को अपने दैनिक जीवन में उपयोग कर सकें। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान आने वाले चरण में स्पष्ट रूप से इसका प्रतिफल सामूहिक उत्तरदायित्व से सफल होना सुनिश्चित है। ग्राम पंचायत के सरपंच संजय राज के सहयोग से न्योता भोजन का आयोजन कर स्वादिष्ट भोजन परोसा गया। मुख्य रूप से पंच गौरी मरावी, चुन्नी लाल पटेल व शिक्षक, पालक मौजूद थे।

### राष्ट्र सेविका समिति का विजयादशमी उत्सव संपन्न




**कोरबा।** राष्ट्र सेविका समिति का विजयादशमी उत्सव विगत दिनों गायत्री स्कूल सीतामढ़ी में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत प्रचारिका सुश्री प्राची सुभाष पाटिल का बौद्धिक हुआ। जबकि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती पूर्णिमा भट्टाचार्य रहीं। इस अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति की सेविकाओं के द्वारा प्रात्याक्षिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सेविकाओं ने नियुद्ध, यष्ठी प्रहार, दण्ड के अभ्यास एवं योग व्यायाम की सुंदर प्रस्तुति दी साथ ही शस्त्र पूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारिका सुश्री प्राची पाटिल ने सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक नारी शक्ति को सक्षम एवं सामर्थ्य शील होना अनिवार्य है। इसके लिए राष्ट्र सेविका समिति प्रयासरत है। हम सभी को आज विजयादशमी के अवसर पर यह प्रण लेना है कि हम सभी राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। भारत के अखण्ड भारत के सपने को साकार करने एवं विश्व गुरु बनाने के लिए मातृशक्ति को भी जागृत होना पड़ेगा। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में मातृ शक्ति का संगठन, राष्ट्र सेविका समिति के रूप में समाज के बीच कार्य करता है। इसकी स्थापना 1936 में वर्धा में वंदनीय लक्ष्मी बाई केलकर ने की थी। यह एक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन है। जिसका उद्देश्य मातृ-शक्तियों में व्यक्तित्व निर्माण करना है।

## बुधवार की देर रात करतला रेंज के सिवानमोहा के समीप हुई घटना

# गजराज ने विक्षिप्त को पटक पटककर उतारा मौत के घाट, करतला रेंज की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में हाथियों के झुंड ने एक विक्षिप्त अधेड़ व्यक्ति को पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया है। घटना की सूचना पर वन विभाग व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई की है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा मामले में जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल में विचरण कर रहे हाथियों के झुंड लगातार क्षेत्र में जान माल का नुकसान पहुंचा रहे हैं। बताया जाता है कि करतला परिक्षेत्र अंतर्गत रामपुर सर्किल के रामपुर परिसर के वन कक्ष पीएफ 1159 में सिवानामोहा नामक स्थान पर रामपुर से बेहरचुवां सड़क मार्ग किनारे लगभग 20 मीटर की दूरी पर एक अज्ञात व्यक्ति जिसका उम्र लगभग 58 वर्ष था। जो पिछले 2 माह से रामपुर, बिंझकोट, चैनपुर, नवापारा, में घूम-घूमता रहता था जिसे बुधवार की देर रात लगभग 12:30 बजे वन क्षेत्र में विचरण कर रहे लगभग 17 जंगली हाथियों से अचानक सामना हो जाने पर हाथियों ने सूड़ एवं पैरो से कुचलकर उसे मौत के घाट उतार दिया। वन विभाग के कर्मचारी के द्वारा लगातार ग्राम कोटवार के द्वारा आसपास के ग्राम रामपुर, चैनपुर, बिंझकोट, नोदरहा, बोतली, नवापारा अन्य स्थानों में हाथियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ग्रामवासियों को लगातार दिया जा रहा है एवं विद्युत विभाग को भी लगातार हाथी की उपस्थिति की जानकारी दिया जा रहा है। वन विभाग के द्वारा रात्रि गस्त कर हाथियों की जानकारी एवं ग्रामीणों को सूचना दिया गया है। उक्त मृत व्यक्ति के बारे में ग्राम कोटवार एवं सरपंच रामपुर द्वारा बताया गया कि मृत व्यक्ति का मानसिक स्थिति ठीक नहीं था और किसी से बात नहीं करता था और ना ही कुछ बोलता था।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस और वन विभाग की टीम।



मृतक का शव।

### पत्थरबाजी व हाथियों का गिरना बना मुसीबत का सबब

हाथियों का झुंड लगातार कोरबा कटघोरा वनमंडल के विभिन्न इलाकों में विचरण कर रहे हैं। लगभग दोनों वनमंडल में 100 से अधिक हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए हैं और वनांचल क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। कोरबा वनमंडल में विचरण कर रहे हाथियों के उत्पात को रोकने के लिए वन विभाग की टीम लगातार जंगल में बसने वाले लोगों के बीच पहुंच रही और मुनादी कर रही है कि हाथियों के झुंड के पास न जाए लेकिन वहीं दूसरी ओर हाथियों के रिहाईशी क्षेत्र के आसपास पहुंचने के पहले ही ग्रामीणों द्वारा हाथियों को रोकने की कोशिश की जा रही है या तो पत्थरबाजी की जा रही है। जिसकी वजह से हाथी बहुत ही आक्रामक रूप अपना रहे हैं। ऐसे में हाथियों के उत्पात को रोकना वन विभाग के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है।

### 54 हाथियों का झुंड डाला हुआ है डेरा

कोरबा वनमंडल में गुरुवार की शाम की स्थिति में 54 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जिसमें दो लोनार हाथी कुदमुरा रेंज के आसपास विचरण कर रहे हैं। वन विभाग के लिए सबसे मुसीबत का सबक बना हुआ है जबकि वहीं दूसरी ओर 17 हाथियों का झुण्ड करतला वन परिक्षेत्र के ग्राम रामपुर के आसपास जंगल में डेरा डाले हुए हैं जबकि 35 हाथियों का झुण्ड करतला वन परिक्षेत्र के नोनदरहा में डेरा डाला हुआ है जबकि इसी तरह 50 हाथियों का झुंड कटघोरा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहा है जो लगातार इस वनमंडल में भी जान माल का नुकसान कर रहे हैं। लगातार बढ़ते हाथियों के उत्पात की वजह से किसानों की मुश्किलें बढ़ती जा रही है और जब फसल पककर तैयार होने लगी है तो खड़ी फसलों को हाथी जमकर चौपट कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों में लगातार आक्रोश भी बढ़ रहा है।

# सपना चौधरी के कार्यक्रम में दिखेगा मनोरंजन एवं संस्कृति का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सपना चौधरी

हरियाणवी लोकनृत्य व प्रसिद्ध कलाकार सपना चौधरी अपने ग्रुप के साथ 12 अक्टूबर की शाम जश्न रिसार्ट में कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेगी। इस कार्यक्रम से जिले में मनोरंजन और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

**खास बात**

- 12 को जश्न रिसार्ट में देंगी प्रस्तुति

जश्न रिसार्ट में आयोजित लोक कलाकार सपना चौधरी के कार्यक्रम की शुरूआत शाम 7:30 बजे से होगी। देर रात तक सांस्कृतिक माहौल को सपना चौधरी बनाए रखेंगी। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर संजू देवी राजपूत, भाजपा नेता विकास महतो, पवन अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी केदारनाथ अग्रवाल, पॉम मॉल डायरेक्टर दिनेश मोदी अतिथि के रूप में मंचस्थ रहेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर शहर और आसपास क्षेत्रों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। युवाओं के बीच सपना चौधरी की लोकप्रियता को देखते देखते हुए भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। आयोजन समिति ने बताया कि सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तरीय होंगी, ताकि दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजक मंडल का कहना है कि कार्यक्रम जिले में सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को नई ऊर्जा देने का काम करेगा। कार्यक्रम को लेकर सपना चौधरी ने कोरबा के दर्शकों को सोशल मीडिया के माध्यम से संदेश भी जारी किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती को मेरा प्रणाम है। प्रभु श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ और ऊर्जा नगरीय कोरबा के इस पावन भूमि पर यहां की संस्कृति, परंपराएं और आप सबका प्यार इन्हें दिल में बसाते हुए मैं एक धमाकेदार सांस्कृतिक शाम लेकर आ रही हूं। यहां की संस्कृति, परंपराएं और दर्शकों के अपार स्नेह से धमाकेदार सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया जाएगा। कोरबा में आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम और सपना चौधरी नाईट की सफलता के लिए मैं आयोजकों को शुभकामनाएं देती हूं।

### छत्तीसगढ़ी संस्कृति का भी होगा समावेश

आयोजन को लेकर आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि यह केवल मनोरंजन का कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराओं और भावनाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। स्थानीय लोककला और छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक मंचन समाहित की जाएगी, ताकि दर्शकों को मनोरंजन के साथ संस्कृति का आनदं मिल सके।

# तेज रफ्तार वाहन से चालक ने लगाई छलांग, मौत



दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर वाहन।



मृत चालक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा खदान के वेस्ट एमटी चौक के समीप गरूण ट्रांसपोर्ट कंपनी की हाईवा वाहन तेज रफ्तार होने की वजह से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ढलान पर तेज रफ्तार होने की वजह से चालक का वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और उसने अपनी जान बचाने के लिए नीचे छलांग लगा दी। हालांकि छलांग लगाने के बाद भी चालक की जान नहीं बची और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

**खास बातें**

- गेवरा खदान के वेस्ट एमटी चौक के समीप की घटना
- गरूण ट्रांसपोर्ट कंपनी का मामला

एसईसीएल की गेवरा परियोजना खदान में गरुण ट्रांसपोर्ट कंपनी के रोड सेल की गाड़ी के ओवर स्पीड के कारण वेस्ट एमटी चौक गेवरा में यह हादसा घटित हुआ है। जिसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। बताया जा रहा है कोयला परिवहन में लगे इस वाहन की रफ्तार ढलान में काफी तेज थी और जब वाहन से चालक का नियंत्रण हट गया और गाड़ी ढलान में तेजी से दौड़ने लगी तो उसने सम्भवतः अपने आप को बचाने के लिए गाड़ी से छलांग लगा दिया या फिर असंतुलित होकर खुद ही गिर पड़ा। इस हादसे में अंदरूनी चोट लगने की वजह से चालक की मौत हो गई। जिसके बाद तेज रफ्तार वाहन आगे जाकर कोयला के ढेर से टकराकर थम गई। इस घटनाक्रम के घटित होते ही मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया है। मृतक चालक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी है।

### बाइक सवार को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत दूसरा घायल



**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनपुर में एक बार फिर सड़क हादसे ने एक युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार जटगा निवासी ओमप्रकाश गुप्ता अपने एक अन्य साथी के साथ मोटर सायकल में सवार होकर जा रहा था कि वह लखनपुर के अभ्युदय पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा था कि ट्रक के चालक ने ठोकर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। कटघोरा पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है ताकि वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके। मामले में पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के पहिए के नीचे आ गया था लोहे का एंगल, यात्रियों की अटक गई थी सांसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिलासपुर से कोरबा के लिए निकली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस हादसे का शिकार होते बाल बाल बच गई। ट्रेन के पहिये में लोहे का एंगल फंस गया था घटना का सुखद पहलू रहा कि ट्रेन बेपटरी नहीं हुई अन्यथा गंभीर घटना हो सकती थी। हालांकि रेलवे प्रबंधन ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- मड़वारानी रेलवे स्टेशन के समीप हुआ हादसा, फुट ओवरब्रिज का चल रहा है काम, एंगल हटाना भूल गए थे कर्मी

जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह बिलासपुर रेलवे स्टेशन से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस लोकल बनकर कोरबा के लिए रवाना हुई थी। सुबह लगभग 9.30 बजे ट्रेन ग्राम मड़वारानी के मड़वारानी स्टेशन के पास छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस दुर्घटना होने से बाल-बाल बच गयी। बताया जा रहा हैं की छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रेलगाड़ी के पहिए एक लोहे का एंगल फंस गया था। बताया जाता हैं कि घटनास्थल पर फुट ओवरब्रिज का काम चल रहा था। जहां ट्रेन आने के पहले काम कर रहे कर्मचारियों ने लोहे का एंगल नहीं हटाया है जिसके चलते यह घटना सामने आयी है। हालांकि रेलवे प्रबंधन ने तत्काल ट्रेक को दुरुस्त कर समय पर ट्रेन पहुंच गई थी।



इस तरह पहिये में फंसा था लोहे का एंगल।

# सब स्टेशन में चोरी के मामले में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सुनालिया स्थित सब स्टेशन में विद्युत पोल को काटकर चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक दिन पहले ही इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था अब तक इस पूरे प्रकरण में कुल पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

उल्लेखनीय है कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सुनालिया नहर मार्ग के किनारे विद्युत वितरण विभाग द्वारा सब स्टेशन का संचालन किया जाता है। विगत दिनों अज्ञात चोरों ने सब स्टेशन में धावा बोलकर विद्युत पोल सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली थी। इस मामले में सब स्टेशन में कार्यरत कर्मी की लिखित शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया था और मामले की तहकीकात शुरू की थी। गुरुवार को पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें रामसागरपारा निवासी विमलेश साहू, ईमलीडुग्गू निवासी दिलशाद खान, संजय नगर रेलवे स्टेशन रोड निवासी सलमान खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि बुधवार को पुलिस ने इमलीडुग्गू निवासी कासिम खान 21 वर्ष पिता करीम खान व सर्वमंगला रोड निवासी पंकज श्रीवास उम्र 25 वर्ष पिता ललित श्रीवास को गिरफ्तार किया था।

### लापता बुजुर्ग महिला की हसदेव नदी में मिली लाश

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार थाना अंतर्गत ग्राम धतुरा निवासी जवाहर राठौर की पत्नी रोमिन बाई राठौर उम्र 69 वर्ष की लाश नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम भठली के पास हसदेव नदी में 7 अक्टूबर दोपहर को तैरते हुई मिली। ज्ञात हो कि रोमिन बाई 4 अक्टूबर को सुबह 4 बजे घर में किसी को बिना बताए घर से निकल गई थी। परिजनों के द्वारा अपने रिस्तेदारो, चिर परिचितों सभी जगह खोजबीन कर जब कही कोई खबर नहीं मिली तो 6 अक्टूबर को हरदीबाजार थाना आकर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। जिस पर हरदीबाजार थाना पुलिस द्वारा गुम इंसान का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। 7 अक्टूबर को नवागढ़ थाना के गोविंदा गांव के पास मुख्य सड़क के नीचे पुल से राहगीरों ने एक अज्ञात बहती लाश देखी उसका पीछा करते हुए साथ ही नवागढ़ थाना पुलिस को सूचना देकर भठली गांव के पास लाश को नदी से निकाली गई।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## जमीन अधिग्रहण के 22 वर्ष बाद भी नौकरी की मांग को लेकर चक्कर काट रहे भूविस्थापित

# प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद स्थगित हुई भूविस्थापितों की भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना के भूविस्थापित परिवारों का 22 वर्षों का धैर्य जवाब दे गया। जिसके परिणाम स्वरूप गोमती केवट सहित 13 भूविस्थापित परिवारों ने कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। अपनी पुश्तैनी जमीन एसईसीएल को देने के बावजूद रोजगार के वादे पूरे न होने और लगातार उपेक्षा से आहत होकर, विस्थापित परिवारों ने अन्न-जल त्याग कर आरपार के संघर्ष का रास्ता चुना। भूख हड़ताल की सूचना मिलने पर प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रभावितों ने अस्थाई रूप से भूख हड़ताल स्थगित कर दिया।



भूविस्थापितों को समझाइश देते अधिकारी।

आरोप है कि एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन 22 वर्षों से झूठे आश्वासन दे रहा है और रोजगार के पुराने एवं वैध प्रकरणों को जानबूझकर लंबित रखा गया है। हड़ताल की गंभीरता व विस्थापितों की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए बुधवार दोपहर तीन तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर आंदोलनकारियों से मुलाकात की। प्रशासनिक अधिकारियों ने भूविस्थापित परिवारों को रोजगार की समस्या का त्वरित और स्थायी हल निकालने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद गोमती केंवट एवं अन्य 13 विस्थापित परिवारों ने अपनी भूख हड़ताल को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया। आंदोलन की जानकारी मिलते ही प्रशासन के दीपका दर्री और कटघोरा के तीन तहसीलदारों ने आंदोलन स्थल पहुंचकर भूविस्थापित परिवारों से चर्चा की और उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र में तकनीकी दिक्कत आ रही है उसे दुरुस्त किया जाए अथवा किसी अन्य के नाम को प्रस्तावित किया जाए ताकि प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके।

### भूविस्थापितों की पीड़ा और चेतावनी

भूख हड़ताल पर बैठी गोमती केंवट ने भावुक होते हुए कहा कि हमने अपनी जमीन दी, लेकिन कंपनी और प्रशासन ने हमसे हमारी पीढ़ियों का भविष्य छीन लिया 22 साल एक लंबा समय होता है। अब उनके पास संघर्ष के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। एसईसीएल प्रबंधन की उदासीनता हमें इस कठोर कदम के लिए विवश कर रही है। भूविस्थापित परिवारों ने स्पष्ट किया है कि यदि प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन अपने दिए गए आश्वासन को निश्चित समय-सीमा के भीतर पूरा नहीं करते हैं, तो वे एक बार फिर उग्र आंदोलन और अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन और जिला प्रशासन की होगी।

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

